**विधान परिषद् प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तर-**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **11(क)** क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद उन्नाव मुख्यालय के उमाशंकर दीक्षित जिला चिकित्सालय (महिला एवं पुरूष) में चिकित्सकों व कार्मिकों के सृजित पदों के सापेक्ष दिनांक 31.12.2023 तक रिक्त पदों का विवरण क्या है? | जनपद उन्नाव के उमाशंकर दीक्षित जिला चिकित्सालय (महिला) में दिनांक 31.12.2023 तक चिकित्सकों के कुल 17 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 05 पद रिक्त हैं तथा कार्मिकों के 99 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 23 पद रिक्त हैं।<br>उमाशंकर दीक्षित जिला चिकित्सालय (पुरूष) में दिनांक 31.12.2023 तक चिकित्सकों के कुल 50 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 22 पद रिक्त हैं तथा कार्मिकों के कुल 182 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 47 पद रिक्त हैं। |
| **(ख)** जनहित में उक्त रिक्त पदों पर चिकित्सकों व स्टॉफ की तैनाती कब तक करायेंगे? | चिकित्सकों/स्टाफ की नियुक्ति एवं तैनाती एक सतत् प्रक्रिया है। चिकित्सालयों में चिकित्सकों/स्टाफ की तैनाती उपलब्धता एवं आवश्यकता के आधार पर की जाती है। |

ब्रजेश पाठक
उप मुख्यमंत्री,
उ0प्र0 शासन।